## खबर संक्षेप

### दो आरोपितों से 350 पाव शराब सहित स्कूटी व दो मोबाइल जब्त

**कटनी।** माधवनगर पुलिस ने स्कूटी सवार दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के कब्जे से 350 पाव देशी शराब, दो मोबाइल फोन और एक बिना नंबर की स्कूटी जब्त की है। पुलिस के अनुसार प्रधान आरक्षक को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो युवक स्कूटी में शराब लेकर जेल रोड स्थित संत निरंकारी भवन के पास खाली मैदान में बिक्री की फिराक में खड़े हैं। सूचना पर प्रधान आरक्षक अपने अजीत, आरक्षक चन्द्रेश और मणि सिंह के साथ मौके पर पहुंचे और घेराबंदी कर दोनों संदिग्ध युवकों को पकड़ लिया। पकड़े गए शिवा कुशवाहा पिता सतीश कुशवाहा 23 वर्ष निवासी कुम्हार मोहल्ला एवं राजा कुशवाहा पिता श्यामलाल कुशवाहा 19 वर्ष, निवासी ग्राम इमलिया शामिल हैं। दोनों की तलाशी ली गई जिसमें दो मोबाइल फोन और शराब से भरे तीन थैले मिले। दो थैलों में 150-150 कुल 300 पाव देशी लाल मदिरा तथा स्कूटी की डिग्गी से एक थैले में 50 पाव देशी प्लेन मदिरा बरामद की गई। कुल 350 पाव (180 एमएल पैक) देशी शराब, जिसकी अनुमानित कीमत 38,000, एक बिना नंबर की स्कूटी और दो मोबाइल जब्त किए गए। आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है।

### फोटो निर्वाचक नामावली कार्य 2 नवंबर तक पूरा करने के दिये निर्देश

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष तिवारी ने समस्त कार्यपालिक एवं न्यायिक तहसीलदार व नायब तहसीलदार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के अंतर्गत फोटो निर्वाचक नामावली के मैपिंग कार्य को 2 नवंबर तक पूरा करने के निर्देश दिये हैं। जारी निर्देश में कहा गया है कि मैपिंग का अपूर्ण कार्य बीएलओ के माध्यम से 2 नवंबर तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करें। मैपिंग से संबंधित आवश्यक डेटा बीएलओ एप्प में भी प्रदर्शित हो रहा है। यह कार्य 'टेबल वर्क' और 'फील्ड वर्क' दोनों रूपों में किया जाएगा। निर्देश में फोटो निर्वाचक नामावली कार्य को समय पर और गंभीरतापूर्वक पूरा करने के लिए अधिकारियों को समस्त बीईओ, बीआरसी, सीडीपीओ, राजस्व निरीक्षक और पटवारी से पूर्ण सहयोग लेने को कहा गया है।

### समग्र ई केवाईसी नहीं कराने पर हो सकती है परेशानी

**कटनी।** नगर पालिक निगम कटनी द्वारा समस्त नगर वासियों को सूचित करते हुए आग्रह किया गया है कि जिन नागरिकों द्वारा अभी तक समग्र पोर्टल पर समग्र परिवार आईडी में दर्ज सभी सदस्यों की आधार से ई-केवाईसी नहीं कराई गई है वे 31 नवंबर के पूर्व ई-केवाईसी अवश्य करा लेवें, अन्यथा की स्थिति में वर्तमान में उन्हे प्राप्त हो रहे शासकीय योजनाओं के लाभों से वंचित होना पड़ सकता है। उपायुक्त एवं नोडल अधिकारी समग्र शैलेश गुप्ता ने इस संबंध में बताया कि समग्र ई-केवाईसी कराने के लिए नागरिकगण आधार कार्ड, समग्र आईडी, आधार में पंजीकृत मोबाइल के साथ नगर निगम कार्यालय, जोन कार्यालय अथवा नजदीकी एमपी ऑनलाइन, सीएससी सेंटर में पहुंचकर ई-केवाईसी करा सकते हैं। 30 नवंबर 2025 तक समग्र की आधार से ई-केवाईसी नहीं कराने की दिशा में उन्हे वर्तमान में प्राप्त हो रहीं शासन की योजनाओं एवं लाभों से वंचित होना पड़ सकता है। जिसके लिए नागरिक स्वयं जिम्मेदार होगे।

### अवैध शराब जब्त

**कटनी।** कुठला पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम मडिया मोड करहिया के पास पुरुषोत्तम गोंड 35 साल के पास से 16 पाव देशी शराब जब्त की। आरोपित के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

---

कैमोर क्षेत्र में भाजपा नेता की हत्या के बाद क्षेत्र में निषेधात्मक आदेश लागू, क्षेत्र में कर्फ्यु जैसे हालात

# पुलिस व बदमाशों के बीच चली गोलियां, पकड़े गए आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कैमोर थाना क्षेत्र में भाजपा नेता नीलेश रजक की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या करने वाले दोनों आरोपी देर रात पुलिस से मुठभेड़ के बाद पकड़ लिये गए। जब पुलिस टीम आरोपियों को पकड़ने पहुंची तो बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी जवाबी कार्रवाई में पुलिस टीम ने भी फायरिंग की और आरोपियों को घायल कर दिया। गौरतलब है कि कैमोर में हुए गोली कांड के बाद क्षेत्र में तनाव को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए विशेष टीमों का गठन किया था। गठित टीमों में से एक टीम ने मुठभेड़ के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

एसपी द्वारा गठित की गई एक टीम को बस स्टैंड चौकी प्रभारी एसआई सिद्धार्थ राय लीड कर रहे थे। टीम में एसआई नवीन नामदेव, एसआई रूपेंद्र राजपूत, प्रधान आरक्षक नीलेश गौतम, राजेश साहू, आरक्षक उमाकांत तिवारी शामिल थे। साइबर सेल लगातार अपराधियों की लोकेशन ट्रेस कर रही थी और एसपी उन्हें निर्देश प्रदान कर रहे थे। आरोपियों की तलाश करते हुए जब उक्त टीम कजरवारा के समीप पहुंची तो हत्या करने वाले दोनों आरोपी अकरम खान एवं प्रिंस








जोसेफ ने पुलिस टीम पर गोलियां बरसानी शुरू कर दी। जैसे ही बदमाशों ने गोलियां चलानी शुरू की तत्काल टीम ने मोर्चा संभाला और एक के बाद एक चार फायर किए। जवाबी कार्यवाही में दोनों आरोपी गंभीर रूप से घायल होकर जैसे ही जमीन पर गिरे पुलिस टीम ने उन्हें दबोच लिया। टीम के द्वारा उन्हें गिरफ्त में लेते हुए अस्पताल पहुंचाया गया है।

#### विजयराघवगढ़ व कैमोर क्षेत्र में निषेधात्मक आदेश लागू

विजयराघवगढ़ तहसील के नगर पंचायत कैमोर में 28 अक्टूबर को हुई नीलेश रजक की हत्या की वजह से जनहानि और लोक परिशांति भंग होने की संभावना के मद्देनजर अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट नीलांबर मिश्र ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए थाना विजयराघवगढ़ एवं थाना कैमोर के संपूर्ण क्षेत्र में शांति व्यवस्था की दृष्टि से निषेधात्मक आदेश जारी किया है।

जारी निषेधात्मक आदेश के मुताबिक किसी भी सार्वजनिक स्थल पर पांच या पांच से अधिक व्यक्ति बिना सक्षम अधिकारी के आदेश के धरना, जुलूस प्रदर्शन आदि के लिये एकत्रित नहीं होंगे और न ही ऐसा करने के लिये किसी को प्रेरित करेंगे।कोई भी व्यक्ति जाति विशेष का व्यक्ति/व्यक्तियों का समूह अपने नगर/गांव/मोहल्ले व अन्य स्थानों पर जाकर कोई भी ऐसा कार्य नहीं करेगा जिससे जातीय हिंसा व अन्य विवाद उत्पन्न होने की संभावना हो।

थाना विजयराघवगढ़ एवं थाना कैमोर के संपूर्ण क्षेत्रांतर्गत किसी भी गांव अथवा मोहल्ले में ऐसे व्यक्ति को प्रवेश नहीं दिया जायेगा, जिसके जाने से उस क्षेत्र में तनाव की स्थिति उत्पन्न होने की संभावना हो।कोई भी व्यक्ति सक्षम प्राधिकारी व संबंधित मजिस्ट्रेट की पूर्वानुमति के बिना कोई जुलूस,सभा,सम्मेलन, धरना प्रदर्शन तथा रैली आदि आयोजित नहीं करेगा। लेकिन विवाह एवं शव यात्रा पर यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा।

#### इस पर भी लगाई गई रोक

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी निषेधात्मक आदेश में उल्लेखित है कि कोई भी व्यक्ति/ व्यक्तियों का समूह थाना विजयराघवगढ़ एवं थाना कैमोर के संपूर्ण क्षेत्र में शांति व्यवस्था भंग करने संबंधी कोई कार्य नहीं करेगा तथा न किसी ऐसे व्यक्ति/व्यक्तियों का सहयोग करेगा जो शांति व्यवस्था को प्रभावित करने का कृत्य कर रहे है अथवा ऐसे कार्य में संलिप्त है। साथ ही ऐसे तत्वों जिनके भ्रमण आदि कार्यकमों से साम्प्रदायिक सदभाव, समरसता लोक परिशांति पर कुप्रभाव पड़ता हो, उनको प्रतिबंधित किया गया है। कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार अस्त्र-शस्त्र, विस्फोटक पदार्थ या ऐसी वस्तु जिनका प्रयोग आक्रमण किये जाने में किया जा सकता है यथा चाकू, भाला, बरछी, तलवार, छुरा आदि लेकर नहीं चलेगा और न ही इनको किसी स्थान पर एकत्रित करेगा और न ही इनका सार्वजनिक प्रदर्शन करेगा। किसी भी सार्वजनिक स्थल व अपने घर की छत पर किसी प्रकार की ईंटें, पत्थर, किसी भी प्रकार की मिट्टी, कांच की बोतलें, सोडा वाटर की बोतलें एवं कोई भी ऐसा ज्वलनशील पदार्थ एकत्रित नहीं करेगा, जिससे मानव जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता हो और न ही ऐसा करने के लिये किसी को प्रेरित करेगा। किसी भी भी राजनैतिक दल, यूनियन छात्र संगठन अथवा किसी भी आंदोलनकारी व्यक्ति को थाना कैमोर एवं विजयराघवगढ़ के संपूर्ण क्षेत्र में जुलूस,आमसभा या नारेबाजी /ज्ञापन आदि सौंपे जाने के 3 दिवस पूर्व उपखण्ड मजिस्ट्रेट, विजयराघवगढ़ / बरही से विधिवत लिखित में अनुमति प्राप्त करना और सूचित करना होगा। आदेश का उल्लंघन किये जाने पर संबंधितों के विरुद्ध कार्यवाही की जावेगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है और आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगा।

#### भाजपा नेता का अंतिम संस्कार

नीलेश रजक की अंतिम यात्रा बुधवार को गमगीन माहौल में उनके निवास से पनिहाई मुक्तिधाम के लिए निकली जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पुलिस बल तैनात था। शहर में कर्फ्यू जैसे हालात रहे। अंतिम यात्रा के दौरान विधायक संजय पाठक ने नीलू रजक की अर्थी को कांधा दिया। सुरक्षा के बीच अंतिम संस्कार हुआ।

---

*प्रभारी मंत्री ने कहा किसी भी प्रकार की नाजायज गतिविधि को सरकार नहीं करेगी बर्दाश्त*

## दिवंगत भाजपा नेता नीलेश रजक के घर पहुंचे प्रभारी मंत्री उदय सिंह, जताया शोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री और कटनी जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह ने बुधवार को कैमोर पहुंचे और यहां स्वर्गीय नीलेश रजक के भटिया मोहल्ला स्थित घर पहुंच कर शोक संतप्त परिजनों से भेंट किया और ढांढस बंधाया।प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और शोक संतप्त परिवार को दुःख की इस घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने स्वर्गीय श्री रजक की धर्मपत्नी सुचिता रजक और माता माया देवी रजक को भरोसा दिलाया कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने चिंता करते हुए मुझे यहां भेजा है। साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि मध्यप्रदेश के अंदर किसी भी किस्म की नाजायज गतिविधि को न तो पुलिस बर्दाश्त करेगी और न ही सरकार बर्दाश्त करेगी। प्रभारी मंत्री ने कहा कि घटना के दोनों आरोपी गिरफ्तार हुये हैं। इनकी मदद करने वालों पर भी कार्रवाई होगी। निचले स्तर तक जांच की जायेगी और जो भी दोषी है उनको बख्शा नहीं जायेगा। मैं भी प्रभारी मंत्री के नाते घटना के बाद से जिला प्रशासन के सतत संपर्क में रहा हूँ। इस घटना की पुनरावृत्ति न हो इसकी चिंता भी प्रशासन करेगा। पुलिस अपना कार्य कर रही है।अनैतिक गतिविधि करने वालों को दण्डित किया जायेगा। आरोपियों पर सख्त कार्रवाई होगी और सह देने वालों को भी बख्शा नहीं जाएगा। गुनहगारों का जीवन सलाखों के पीछे बीतेगा। इस दौरान विधायक विजयराघवगढ़ संजय सत्येन्द्र पाठक, कलेक्टर आशीष तिवारी, पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा,एस डी एम विवेक गुप्ता सहित जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी मौजूद रहे।



उल्लेखनीय है कि यहां कैमोर में बीते मंगलवार को दो पक्षों के बीच हुए विवाद में दो आरोपियों ने गोली मारकर करीब 40 वर्षीय नीलेश रजक की गई हत्या कर दी थी।

---

## मर्यादाओं का पालन जरूरी, जगह जगह पर है रावण



वेंकटेश सत्संग समिति के तत्वाधान में आयोजित श्री राम कथा के छठवे दिवस कथा व्यास रामकृष्णाचार्य द्वारा भगवान श्रीराम के चित्रकूट निवास का वर्णन करते हुए बताते है कि भरत जी के जाने के बाद भगवान के मन में यह बात आयी कि ऋषि मुनि चित्रकूट छोड़कर जा रहे है और इस बात को जब उन्होंने ऋषि मुनियो से पूछा तब उन्होंने बताया कि राक्षसों के कारण हमारी पूजा में व्यवधान आ रहा है प्रभु ने यह सुन उनकी रक्षा का प्रण लिया। स्वामी रामकृष्णाचार्य द्वारा कथा में आगे माता सीता हरण का वर्णन करते हुए बताया कि आज महिलाओ को अपनी मर्यादाओ का पालन करना बहुत आवश्यक है मर्यादा लाँघने पर हर जगह रावण हरण के लिए उपस्थित है। .एक पतिव्रता स्त्री के लिए पति की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है ।

---

**कलेक्टर ने नियंत्रक, शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय को प्रकाशन हेतु भेजी अधिसूचना**

## ग्राम पंचायत बहोरीबंद को नगर परिषद बनाने अधिसूचना प्रकाशित करने की प्रक्रिया प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के बहोरीबंद ग्राम पंचायत को नगर परिषद बनाने के लिए अधिसूचना के प्रारंभिक प्रकाशन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने इस मामले में ग्राम पंचायत बहोरीबंद को नगर पारिषद बनाये जाने के संबंध में राजपत्र में प्रारंभिक प्रकाशन हेतु नियंत्रक, शासकीय केंद्रीय मुद्रणालय को पत्र प्रेषित भी कर दिया है।

#### सात ग्राम पंचायतों के 19 गांव होंगे शामिल

प्रकाशन हेतु भेजी गयी अधिसूचना में ग्राम पंचायत बहोरीबंद को नगर परिषद बनाने के लिए 7 ग्राम पंचायतों के अंतर्गत आने वाले कुल 19 ग्रामों को शामिल किया गया है। नगर परिषद बहोरीबंद गठन के बाद इसका भौगोलिक क्षेत्रफल लगभग 5442 हेक्टेयर होगा। इसमें ग्राम पंचायत बहोरीबंद के अंतर्गत ग्राम ग्राम बहोरीबंद, बिछियाकाप, किशनपाटन का 814.89 हेक्टेयर क्षेत्रफल, ग्राम पंचायत तिगवां के अंतर्गत ग्राम तिगवां, देवरी, खरगवां का 797.83 हेक्टेयर, ग्राम पंचायत कूडन का 547.67 हेक्टेयर, ग्राम पंचायत सिमरापटी के अंतर्गत ग्राम सिमरापटी, डुडसरा, कजरवारा का 757.78 हेक्टेयर, ग्राम पंचायत सिन्दूरसी का 562.44 हेक्टेयर, ग्राम पंचायत अमगवां के अंतर्गत ग्राम अमगवां, महगवां, मरवारी का 692.79 हेक्टेयर एवं ग्राम पंचायत मोहनियां के अंतर्गत ग्राम मोहनियां, सनकुई, सिजहरी, पटीखुर्द, महगवां का 1269.34 हेक्टेयर क्षेत्रफल शामिल किया गया है।

#### सात दिवस के भीतर दें सुझाव एवं आपत्ति

राजपत्र में प्रकाशित होने के सात दिवस के भीतर कलेक्टर कटनी को लिखित आपत्ति और सुझाव दिया जा सकेगा। समयावधि के बाद प्राप्त होने वाली किसी भी प्रकार की आपत्ति अमान्य होगी।

---

*बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों को शोकाज नोटिस जारी करने निर्देश*

## जन हितैषी एवं जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही पर होगी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बुधवार को जिला पंचायत के सभा कक्ष में जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमति सुनीता मेहरा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर एवं जिला पंचायत सदस्यों तथा विभिन्न विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में पूर्व बैठक के पालन प्रतिवेदन की जानकारी पीपीटी के द्वारा अधिकारियों ने दी। जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने फॉलोअप कर तत्परता पूर्वक विधि संगत कार्यवाही किए जाने के दिए निर्देश

शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य विभागों के अधिकारियों द्वारा गत बैठक के पालन प्रतिवेदन एवं निर्धारित एजेंडा के अनुसार विषयों की जानकारी प्रस्तुत करने पर जिला पंचायत सदस्यों द्वारा संतुष्ट नहीं होने पर जिला पंचायत की सीईओ सुश्री कौर ने फॉलो अप करते हुए तत्परता पूर्वक विधि संगत कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि बैठक में समग्र जानकारी के साथ सभी विभागों के अधिकारी नियत समय पर उपस्थित हो। जिला पंचायत सदस्यों द्वारा उठाए गए मुद्दों एवं विषयों पर नियत समय में आवश्यक कार्यवाही करते हुए प्रतिवेदन दें।



बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी, कृषि, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, लोक निर्माण महिला एवं बाल विकास, वन, उद्योग, प्रधानमंत्री सड़क एवं अन्य विभाग के अधिकारियों ने विभागीय जानकारी से सदन को अवगत कराया। बैठक में जिला पंचायत की सीईओ सुश्री कौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन हितैषी एवं जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

सामान्य सभा की बैठक में जल जीवन मिशन के विभाग प्रमुख, मत्स्य पालन विभाग के सहायक संचालक, जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी, सहायक पंजीयक सहकारिता एवं अधीक्षक भू अभिलेख की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

---

**श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर झूमे श्रद्धालु, बरसाए फूल**

## अपने भक्तो के कष्ट हरने अवतरित होते हैं भगवान

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

खुल गए सारे ताले क्या बात हो गई, जब जन्मे कन्हैया वाह क्या बात हो गई। नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की, हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की। भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य अवसर पर जब व्यासपीठ से यह भजन गूंजे तो समूचा वातावरण आनंद से भर गया। अवसर था विश्व कल्याण की कामना को लेकर धरवारा स्थित बाहरी दीवाले मै चल रहे सप्ताह ज्ञान यज्ञ मै कथा के चतुर्थ दिवस बुधवार का। इस मौके पर कथा व्यास नीलम मिश्रा की मौजूदगी में जन्मोत्सव का कथा रस बरसा।

बालकृष्ण की सुंदर झांकी देख श्रद्धालु विभोर हो गए। जन्मोत्सव के खास अवसर के लिए कथा पांडाल को गुब्बारों और फूलों से सजाया गया। नन्हें मुन्हें बच्चे भी कृष्ण रूप में श्रद्धालुओं को लुभा रहे थे। वसुदेव जब डलिया में बाल कृष्ण को डलिया में लेकर निकले तो उनकी एक झलक पाने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ मच गई। श्रद्धालु कृष्णभक्ति में विभोर होकर नाच उठे। कथा वाचक ने कहा कि जीव जीवन भर अहंकार में जीता है, लेकिन जब अंत समय निकट आता है तो उसे भगवान याद आते हैं। जीवन भर किए गए पाप अंत समय की गुहार से नहीं कट सकते, इसलिए प्रतिपल भगवान का सुमिरन करते रहे, जिससे आप पाप कर्मों की ओर नहीं बढ़ेंगे और सत्कर्मों की प्रेरणा मिलती रहेगी।



वामन भगवान की कथा सुनाते हुए उन्होंने कहा कि तीन पग यानि धर्म, अर्थ काम हैं, यदि इनका ठीक प्रकार से निवर्हन हो गया तो मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। राजा बलि के दान से प्रसन्न होकर भगवान वामन ने जब वरदान देने को कहा तो बलि ने कहा कि भगवन आते जाते बस आपके दर्शन हो जाएं, मुझे और कुछ नहीं चाहिए, इस तरह बलि ने भगवान को अपना द्वारपाल बना लिया। बलि बाद में इंद्र बनकर इंद्र के सिंहासन पर विराजमान हुए। अर्थात भगवान की कृपा जब मिलती है तो संसार के सारे सुख भक्त की झोली में आ जाते हैं।सायकालीन आरती कर कथा को विश्राम दिया गया व प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक अमित गर्ग सहित श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

---

## 7 सूत्रीय मांगों को लेकर किसानों ने किया हल्लाबोल, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

किसान यूनियन ने 7 सूत्रीय मांगो को लेकर बहोरीबंद मै हल्ला बोल किया। किसान यूनियन के तत्वाधान किसानों ने बस स्टेंड से हल्ला बोल करते हुये एसडीएम कार्यालय पहुंचें जहाँ मुख्यमंत्री के नाम सात सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम राकेश चौरसिया को ज्ञापन सौंपा।

किसान यूनियन द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि क्षेत्र में किसानों द्वारा पराली जलानें पर पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज की जा रही है जिससे क्षेत्र के किसान भयभीत और परेशान हैं। वैसे भी क्षेत्र के किसान गंभीर कठिनाईयों का सामना कर रहे हैं। ऐसे में उन पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करने से वह भयभीत है।साथ ही यह भी कहा गया है कि किसानों को समर्थन मूल्य 100 रूपये प्रति क्विंटल तथा बिजली में सुधार किया जाए।पान का समर्थन मूल्य 23100 प्रति क्विंटल धोषित किया जाए, ताकि किसानों को उनके परिश्रम का उचित मूल्य मिलना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त की जाए, विशेषकर जहाँ ट्रांसफॉर्मर खराब हैं, उन ट्रांसफार्मरों में शीघ्र बदला जाए।वहीं बिजली आपूर्ति दिन में एवं समय अवधि बढ़ाकर दी जाए ताकि किसान सिंचाई सुचारू रूप से कर सके।किसानों को ऋण पुनर्गठन एवं ब्याज माफी की योजना का लाभ शीघ्र मिले। सहायता राशि वितरण सुनिश्चित किया जाए।



इस दौरान राकेश पटेल, नरेंद्र सैनी,अजय गर्ग, विजय तिवारी, मंगल सिंह, पूणेन्द् पटेल, संजय पटेल आदि किसान उपस्थित रहे।

## राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को दी गई एसआईआर प्रक्रिया की जानकारी

# मतदाता सूची फ्रीज, बीएलओ घर घर जाकर गणना पत्रक करेंगे वितरित, डेटाबेस से कराएंगे मिलान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किये गये मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम एसआईआर के बारे में जानकारी देने निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार की विशेष मौजूदगी में बुधवार को राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत शुद्ध मतदाता सूची तैयार करने से संबंधित प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक के दौरान राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर राकेश बारी द्वारा विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुये बताया गया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत मृत, स्थानांतरित, डुप्लीकेट व अपात्र मतदाता हटाने का काम किया जायेगा। साथ ही नए पात्र मतदाता जोड़े जायेंगे। इस दौरान भारतीय जनता पाटी के प्रतिनिधि सौरभ अग्रवाल एवं दीपक तिवारी एवं डिप्टी कलेक्टर प्रदीप मिश्रा मौजूद थे।

बैठक में जानकारी दी गई कि स्वतंत्रता के बाद भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूचियों का यह 9वां विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य किया जा रहा है। मध्यप्रदेश में इससे पहले वर्ष 2002-2004 में विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य किया गया था।



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मुद्रण व प्रशिक्षण का कार्य 28 अक्टूबर से 3 नवम्बर तक किया जायेगा। घर-घर गणना का काम 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक होगा। प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 9 दिसम्बर को किया जायेगा। इस सूची से संबंधित दावे व आपत्तियां 9 दिसम्बर से 8 जनवरी तक प्राप्त की जायेंगीं। संबंधित रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा नोटिस दिए जाने अर्थात सुनवाई व प्रमाणीकरण का चरण 9 दिसम्बर से 31 जनवरी तक चलेगा। वहीं अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जायेगा।

### घर-घर जाकर देंगे गणना प्रपत्र

मध्यप्रदेश सहित देश के 12 राज्यों में एसआईआर की घोषणा के साथ ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची फ्रीज कर दी गई है। इसी आधार पर प्रत्येक मतदाता के लिये ईआरओ व एईआरओ द्वारा विशिष्ट गणना पत्रक (ईएफएस) तैयार किए जायेंगे। बीएलओ घर-घर जाकर यह गणना प्रपत्र वितरित करेंगे। साथ ही मतदाता का अपना नाम या अपने परिजन का नाम पिछले एसआईआर (वर्ष 2002-2004) की मतदाता सूची के मिलान व लिंक करने में मदद करेंगे। गणना पत्रक भरने के लिये मतदाता को कोई भी दस्तावेज जमा नहीं करना है।

### अपनानी होगी यह प्रक्रिया

अगर पिछले एसआईआर से मिलान नहीं होता है तब ईआरओ संबंधित व्यक्ति को नोटिस देकर सूचित करेंगे। साथ ही सुनवाई का मौका देंगे। इस दौरान वह व्यक्ति आयोग द्वारा निर्धारित एक दर्जन से अधिक पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत कर अपना नाम जुड़वा सकेगा। इन दस्तावेजों में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण-पत्र, पासपोर्ट, मान्यता प्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय द्वारा जारी मैट्रिक शैक्षिक प्रमाण-पत्र, स्थानीय निवास प्रमाण-पत्र, वन अधिकार प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर, राज्य या निकाय द्वारा जारी पारिवारिक रजिस्टर, सरकार द्वारा जारी भूमि व मकान का आवंटन प्रमाण-पत्र, आयोग द्वारा जारी निर्देशों के तहत आधारकार्ड, सरकार या सार्वजनिक उपक्रम द्वारा जारी पेंशन पहचान व भुगतान पत्र, सरकार स्थानीय निकाय, बैंक, डाकघर, एलआईसी, सार्वजनिक उपक्रम द्वारा जारी पहचान पत्र, प्रमाण-पत्र व दस्तावेज इत्यादि शामिल हैं।

### तीन बार जायेंगे मतदाता के घर

एसआईआर के तहत बीएलओ हर मतदाता के घर तक जायेंगे। यदि पहली व दूसरी बार में मतदाता या उसके परिजन घर पर नहीं मिलते हैं तो वह तीसरी बार भी घर पर जाकर डेटाबेस से मिलान करायेंगे और मतदाताओं की पूरी मदद करेंगे।

### मतदान केन्द्रों का होगा युक्तिकरण

किसी भी मतदान केंद्र में 1200 से अधिक मतदाता नहीं होने चाहिए। नए मतदान केंद्र ऊँची इमारतों, रेज़िडेंट वेलफेयर एसोसिएशन कॉलोनियों तथा झुग्गी बस्तियों में स्थापित किए जाएँ। जिला निर्वाचन अधिकारी नए मतदान केंद्रों के संबंध में राजनीतिक दलों से परामर्श करेंगे। विशेष रूप से इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि एक परिवार के सभी सदस्य एक ही मतदान केंद्र में शामिल हों।

### मतदाता सूची के संबंध में अपील की प्रक्रिया

बैठक में मतदाता सूचियों से संबंधित दावे-आपत्तियों के बारे में अपील की प्रक्रिया भी बताई गई। ईआरओ के निराकरण से संतुष्ट न होने की स्थिति में जिला निर्वाचन अधिकारी के यहाँ अपील की जा सकेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्णय से संतुष्ट न होने पर राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के यहां अपील की जा सकेगी।

## खबर संक्षेप



### पदारोहण/प्रथम महाकुंभ कुण्डलपुर में आयोजित

**कटनी।** संत शिरोमणी आचार्य गुरूवर 108 समाधिस्थ विद्यासागर महाराज के अज्ञानुवर्ती परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री 108 प्रणम्य सागर जी महाराज के आर्शीवाद एवं प्रेरणा से श्री 1008 चन्द्रप्रभु दिग.जैन सिंघई मंदिर में अष्टानिका महापर्व के अवसर पर श्री 1008 नंदीश्वर महामण्डल विधान का भव्य आयोजन किया जा रहा है। उक्त आशय की जानकारी समाजसेवी प्रमोद जैन-कक्का ने देते हुये बतलाया कि कार्यक्रम का समापन रथोत्सव एवं विश्वशांति महायज्ञ के साथ सम्पन्न होगा। कार्यक्रम के प्रथम दिवस भक्तगणों द्वारा हर्षोउल्लास के साथ ध्वजारोहण बैगलोर से पधारी श्रीमती यामनी जैन, गौरव जैन के द्वारा किया गया इस अवसर पर भारी संख्या में धर्मानुरागी बन्धु एवं माताओं ने उपस्थित होकर पुण्य लाभ लिया।

### ई-केवाईसी केंद्र पर की गई बैठक व्यवस्था



**कटनी।** नगर निगम कार्यालय में ई-केवाईसी कराने हेतु आने वाले नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निगम प्रशासन द्वारा विशेष बैठक व्यवस्था की गई है। नागरिकों को लंबा इंतजार न करना पड़े, इसके लिए प्रतीक्षालय में कुर्सियों की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ई-केवाईसी प्रक्रिया के दौरान नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, नागरिकों से शालीनता पूर्वक बात कर उन्हें उचित मार्गदर्शन के साथ ही आवश्यक जानकारी एवं सहयोग प्रदान करें। इस व्यवस्था से नागरिकों को गर्मी एवं भीड़भाड़ में राहत मिली है तथा ई-केवाईसी कार्य सुचारू रूप से हो रहा है।

### एकता दिवस पर थाना स्तर पर होगी एकता दौड़

**कटनी।** राष्ट्रीय एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाये रखने एवं राष्ट्रीय एकता का संदेश फैलाने हेतु सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150वें जन्मोत्सव पर 31 अक्टूबर को प्रदेश के सभी पुलिस थाना स्तर पर प्रातः 8 बजे से ₹एकता दौड़₹ (रन फॉर यूनिटी) का आयोजन किया गया है। जिले में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा होंगे। इस दौड़ में युवा, खिलाड़ी, नगर एवं ग्राम रक्षा समिति के सदस्य, स्कूल-कॉलेज के बच्चे, एनसीसी, एनएसएस कैडेट्स, सृजन समूह की बालिकाए, अभिमन्यु सामुदायिक पुलिस के बालक, पुलिस कर्मी एवं विसबल वाहिनियों के पुलिस कर्मी भाग लेंगे। दौड़ का रूट लगभग 3 किलोमीटर रखा जायेगा तथा तय किये गये रूट पर प्रतिभागियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान रखा जायेगस और रूट को नो व्हीकल जोन घोषित किया जायेगा। साथ ही पीने के पानी, ग्लूकोज, फर्स्ट एड बॉक्स सहित एम्बूलेंस की व्यवस्था भी की जायेगी।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 दिसंबर को

**कटनी।** नालसा के निर्देशानुसार शनिवार 13 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना हैं। इस नेशनल लोक अदालत में लंबित एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों को निराकरण हेतु रखा जाना हैं। इसके लिए नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों के अधिक से अधिक संख्या मे निराकरण हेतु कार्यवाही करने संबंधित विभागों के अधिकारियों से आग्रह किया गया है। नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों के अधिक से अधिक संख्या में निराकरण किये जाने एवं लोक अदालत का प्रचार-प्रसार, आवश्यक व्यवस्था तैयारी हेतु सर्व संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रसारित करने के निर्देश दिये गए हैं।

### प्रकाशोत्सव पर व्यवस्थाओं के लिए सौंपे गये दायित्व

**कटनी।** निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव पर्व के अवसर पर आगामी 2 नवंबर तक रोजाना आयोजित होने वाली प्रभात फेरी, 3 नवंबर को नगर संकीर्तन जुलूस के साथ ही 5 नवंबर दिन बुधवार को आयोजित प्रकाशोत्सव कार्यक्रम के दौरान निगम से संबंधित व्यवस्थाओं को पूर्ण कराने हेतु विभागीय अधिकारियों को दायित्व सौंपे है। निगमायुक्त सुश्री परिहार ने इस संबंध में एक आदेश जारी कर आगामी 5 नवंबर 2025 तक तिथिवार आयोजित कार्यक्रम स्थलों एवं आसपास विशेष साफ-सफाई, चूने की लाइनिंग, कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराने के साथ ही आवारा पशुओं की रोकथाम हेतु प्रभावी कार्यवाही कराने का दायित्व स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, क्षेत्रीय स्वच्छता निरीक्षकों एवं वार्ड दरोगाओं को सौंपा है। जबकि पर्व आयोजन की निर्धारित तिथियों के दौरान कार्यक्रम स्थलों में अतिरिक्त प्रकाश व्यवस्था का दायित्व श्री सुधीर मिश्रा प्र. कार्यपालन यंत्री आदेश जैन, प्र.सहायक यंत्री एवं मोना करेरा उपयंत्री को तथा शुद्ध पेयजल हेतु पानी के टैंकर की व्यवस्था का दायित्व मृदुल श्रीवास्तव उपयंत्री तथा अभिषेक अरजरिया को प्रदान करते हुए सौंपी गई व्यवस्थाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है।

*हितग्राहियों का लाभांवित करने टीसी बजान स्कूल में आवास मेला का हुआ आयोजन*

## आवास योजना के 63 तथा स्वनिधि योजना के 173 हितग्राहियों ने लिया मेले का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासन द्वारा संचालित योजनाओं से प्रत्येक पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करनें हेतु महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशन में पांच दिवसीय मेले का आयोजन नगर निगम प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। नोडल अधिकारी अनिल जायसवाल ने बताया कि बुधवार को टी.सीबजान स्कूल प्रांगण में आयोजित मेले के दौरान नगर के विभिन्न बैंक प्रतिनिधियों की मौजूदगी में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी ए.एच.पी. घटक के अंतर्गत प्रेम नगर-खिरहनी के ई.डब्ल्यू.एस. आवास के उपस्थित 52 हितग्राहियों को योजना की जानकारी प्रदान करते हुए 10 हितग्राहियों को ऋण स्वीकृत करानें तथा दो हितग्राहियों से अंशदान राशि जमा कराई गई। नोडल अधिकारी प्रधानमंत्री आवास योजना नें जानकारी देते हुए बताया कि योजना के तहत प्रथम दिवस नगर निगम कार्यालय में आयोजित मेले के दौरान 170 हितग्राहियों में से 20 हितग्राहियों तथा द्वितीय दिवस 72 में से 31 हितग्राहियों को योजना से लाभान्वित करने की कार्यवाही की गई है। इस तरह तीन दिवस में अब तक कुल 63 हितग्राहियों को योजना से लाभान्वित करने की कार्यवाही की गई है।



वहीं एन.यू.एल.एम के सिटी मिशन मैनेजर यश रजक नें जानकारी दी कि अब तक तीन दिवस आयोजित मेले के दौरान नगर के स्ट्रीट वेंडर को पी.एम.स्वनिधि योजना से लाभान्वित करने हेतु उनके आश्यक दस्तावेजों की पूर्ति कराते हुए पात्र 173 हितग्राहियों से आवेदन लिये जानें योजना के तहत ऋण स्वीकृत करानें की कार्यवाही प्रगतिरत है।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार नें संबंधित नोडल अधिकारियों को अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों से शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं से लाभान्वित करनें के निर्देश दिए जाकर जरूरतमंद हितग्राहियों से मेले में उपस्थित होकर योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करनें का आग्रह किया है। आयोजित मेले के दौरान नोड़ल अधिकारी प्रधानमंत्री आवास योजना अनिल जायसवाल, सिटी मिशन मैनेजर यश रजक की मौजूदगी रही।

## छात्र छात्राओं को वितरित की गई निःशुल्क साइकिलें



शासकीय माध्यमिक शाला न्यू कटनी जंक्सन में प्रवेश लेकर अध्ययन करने आने वाले ग्राम खिरवा निवासी 15 छात्र–छात्राओं को नियमित अध्ययन हेतु विद्यालय आने जाने हेतु नि:शुल्क साईकिलों का वितरण किया गया। एन.के.जे. विद्यालय से चार किलोमीटर दूर से शाला आने वाले विद्यार्थीयों को नियमित समय पर विद्यालय पहुंचना किसी चुनौती से कम नहीं था। राज्य शासन की इन्हीं सारगर्भित और बालकेंद्रित सोच के तहत कक्षा छठवीं और नवमी में नियमित अध्ययन हेतु आने वाले दूरदराज के छात्र –छात्राओं को सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत नि:शुल्क साईकिल देकर उनके पढ़ाई को प्रोत्साहित किया जाता है। इसी कड़ी में एन. के. जे. विद्यालय में कक्षा छठवीं में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों में राज चौधरी,पल्लवी भूमिया, उपासना कोल,ईसा कोल, आर्यन सिँह, रघुनंदनी कुशवाहा,अमृता पटेल, ज्योति पटेल,आर्यन पटेल, अर्जित पटेल,ऋषीकेश पटेल,योगिता पटेल, मानसी पटेल,सरिता पटेल और अनन्या पटेल को क्षेत्रीय बाबू जगजीवनराम वार्ड पार्षद श्रीमती फमीदा आफताब चोखेभाई जान द्वारा खिरवा ग्राम के दस छात्राओं और पांच छात्रों को साईकल प्रदान की गयी।

## खाद्यान्न हितग्राहियों की कराएं ई -केवायसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

बहोरीबंद विकासखण्ड क्षेत्र में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों की शत प्रतिशत ई-केवाईसी के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए हैं।कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम राकेश चौरसिया ने मंगलवार को जनपद पंचायत के सभागार में विकासखंड क्षेत्र की सभी 79 दुकानों में पदस्थ समिति प्रबंधक तथा विक्रेताओं की बैठक लेकर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत पात्र हितग्राहियों की शत प्रतिशत ई-केवाईसी का कार्य करने के निर्देश दिए।उन्होंने समिति प्रबंधक तथा विक्रेताओं को स्पष्ट रूप से सख्त निर्देश दिए हैं कम से कम 95 प्रतिशत ई-केवाईसी करना हर हाल में 31 अक्टूबर 2025 तक सुनिश्चित किया जाए।जिन दुकानों के प्रबंधकों तथा विक्रेताओं द्वारा तय समय सीमा पर कार्य नहीं किया गया तो उन पर सख्त कार्यवाही करते हुए उन दुकानों से पृथक करने की कार्यवाही भी की जाएगी।साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि त्यौहार पर घर आए सदस्यों की शत प्रतिशत ई-केवाईसी राशन मशीन से कराएं तथा बच्चों को पालकों के आधार कार्ड से अपडेट कराने हेतु प्रसार करने के लिए भी निर्देशित किया गया है।साथ ही जिन दुकानों पर 95 प्रतिशत ई-केवाईसी का कार्य कर लिया गया है उन दुकानों में पदस्थ प्रबंधक तथा विक्रेताओं की प्रशंसा करते हुए उनके कार्यों सराहा। विकासखण्ड क्षेत्र की जिन दुकानों में शत प्रतिशत ई-केवाईसी कर ली गई है उनमें पड़वार,पहरुआ,खमतरा,बाकल, पटना,तेवरी, हथियागढ, भेड़ा शामिल हैं।बताया गया है कि विकासखण्ड क्षेत्र में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत 92.48% ई-केवाईसी का कार्य सम्पन्न हो गया है।इस दौरान नायब तहसीलदार आकाश दीप नामदेव सहित विकासखण्ड क्षेत्र की सभी राशन दुकानों में पदस्थ प्रबंधक तथा विक्रेताओं की उपस्थिति रही है।



*महाविद्यालय बरही में दो दिवसीय व्याख्यान माला का हुआ आयोजन*

## भारतीय ज्ञान परंपरा के संवर्द्धन में मनीषियो के योगदान पर की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय महाविद्यालय बरही में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के निर्देशन में दो दिवसीय व्याख्यान माला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में डॉ. स्वामीनाथ पाण्डे सेवानिवृत्त प्राध्यापक साहित्यकार शासकीय शिक्षण महाविद्यालय उज्जैन एवं डॉ गणेश प्रसाद द्विवेदी प्राध्यापक शासकीय संस्कृत महाविद्यालय उज्जैन मुख्य अतिथि वक्ता के रूप में उपस्थित रहें। प्रथम दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की देवी माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में सर्वप्रथम उपस्थित सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर एवं बैच लगाकर स्वागत किया गया। अगले चरण में डॉ. स्वामीनाथ पाण्डे ने अपने उद्बोधन में कहां कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पाठयक्रमों में भी प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा, भाषा, संस्कृति, धर्म और सामाजिक स्थिति, जलवायु आदि को ध्यान में रख कर बनाया गया हैं। डॉ. गणेश प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा एवं दर्शन को विभिन्न उदाहरणों एवं श्लोकों के माध्यम से बताया।



प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा सभी जीवों के प्रति दया का भाव रखती है एवं दुनिया के किसी भी कोने में रहने वाले व्यक्ति को यह अपना परिवार मानती है साथ ही सद्भावना, प्रेम और करुणा का पाठ पढ़ाती है। अंत में प्राचार्य ने विद्यार्थियों को प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा का अध्ययन करने के लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस कला संकाय के विद्यार्थी एवं स्टॉफ के सदस्यों की उपस्थिति एवं द्वितीय दिवस विज्ञान एवं वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान मुख्य वक्ताओं द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. आर. जी. सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी, डॉ. एस. एस. धुर्वे, डॉ. आर. जी. सिंह, डॉ. अरविन्द सिंह, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. के. के. निगम, डॉ. राकेश दुबे, डॉ. के. के. विश्वकर्मा, मनीष मिश्रा, प्रियंका तोमर, डॉ. रश्मि त्रिपाठी, डॉ. मंजुलता साहू, डॉ. नीलम चतुर्वेदी, डॉ. रूपा शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### बारिश से खेतों में पककर तैयार खड़ी धान फसल गिरी

## बेमौसम बारिश ने किसानों के अरमानों पर फिरा पानी, बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

मौसम के करवट बदलते ही जिले भर में कहीं मध्यम तो कहीं हल्की बारिश हो रही है। बेमौसम बारिश ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। अन्नदाता संकट के दौर से गुजर रहे हैं। विगत तीन दिनों से मौसम बदलाव चल रहा है। बुधवार को सुबह ही आसमान पर बादल छाए रहे ओर शाम को झमाझम बारिश होने लगी। स्लीमनाबाद तहसील मुख्यालय मै लगभग आधे घंटे झमाझम बारिश हुई।

तहसील मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में आधे घंटे तक हल्की बारिश का दौर चला। बारिश से किसानों के खेतों में पककर तैयार हल्की धान की खड़ी फसल खेतों में बिछने के नजारे दिखाई दिए। किसानों का कहना है कि बेमौसम बारिश से किसानों की करीब 20 से 30 प्रतिशत फसलों का नुकसान होने का अनुमान है। बारिश होने से खेत की खड़ी फसल के दाने काले पडने और गुणवत्ता प्रभावित होने का अनुमान है।पहले से ही धान की उपज मै रोगों के प्रकोप से उत्पादन कम गया है वही अब बारिश किसानों की कमर तोड़ रखी है। किसानों के अनुसार बारिश से खड़ी और कटी दोनों फसल को नुकसान हुआ है। दाने काले पड़ जाते हैं और एफएक्यू मापदंड में नहीं आने से उन्हें फसल का वाजिब दाम नहीं मिल पाता है।अचानक बदल रहा मौसम-किसानों का कहना है कि महीने भर का वक्त गुजर रहा है, मौसम पूरी तरह से साफ नहीं हो पाया है। खेतों में पककर तैयार हल्की प्रजाति की धान फसल की कटाई फिलहाल किसानों ने शुरू कर दी है। लेकिन बुधवार से मौसम को देखते हुए एक बार फिर कटाई का काम रूक गया है।बहोरीबंद विकासखंड में इस वर्ष खरीफ सीजन का रकबा 28 हजार हैक्टेयर है, जिसमें 25 हजार हैक्टेयर मै धान की फसल लगाई गई है।समूचे विकासखंड मै अभी तक मात्र 20 फीसदी फसल की ही कटाई हुई है, शेष 80 फीसदी फसल खेतों मै अधपकी व पकी ख़डी हुई है! बेमौसम बारिश ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी। बुधवार को खेतों मै हार्वेस्टर से कटाई का कार्य चला, लेकिन शाम होते ही बारिश होने से हार्वेस्टर मशीने खेतों से बाहर आ गईं ओर किसान धान की उपज को सुरक्षित बचाने का काम करते दिखे। समर्थन मूल्य पर कैसे होगी खरीदी-किसानों ने बताया कि पानी का रिसाव होने से बीज की गुणवता प्रभावित होती है। पानी के प्रभाव में फसल के आने के कारण गहाई के उपरांत बीज में कालापन आने से उन्हें उचित दाम नहीं मिल पाएगा। आगामी दिसंबर से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी होना संभावित है। केंद्रों में किसानों से एफएक्यू मापदंडों के अनुसार ही धान खरीदी जाती है, ऐसी स्थिति में किसानों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।



### इनका कहना है

वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी बहोरीबंद अमर सिंह ऐमा का कहना है कि बहोरीबंद विकासखंड में 20 फीसदी धान कटाई कार्य हो चुका है लेकिन मौसम बदलाव के चलते बारिश होने से कटाई का काम प्रभावित हो रहा है। रही बात नुकसानी के तो इसकी स्थिति सामने अभी नहीं आई है। यदि कही से नुकसानी की जानकारी आती है तो खेतों मै जाकर स्थिति का निरीक्षण किया जायेगा।

## जिपं सीईओ ने कहा कार्य और योजनाओं में वांछित प्रगति लाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बेहतर समन्वय एवं प्लान बनाकर ₹एक बगिया मां के नाम₹ एवं ₹ई-केवाईसी₹ कार्य में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार समय सीमा में वांछित प्रगति लाया जाना सुनिश्चित करें। इस आशय के निर्देश जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिए।

मंगलवार की शाम सुश्री कौर ने वीसी द्वारा जनपद पंचायत वार क्रमशः एक बगिया मां के नाम एवं ई- केवाईसी कार्य की प्रगति की जानकारी ली। जिला पंचायत की सीईओ ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एनआरएलएम एवं ग्राम पंचायतों के समन्वय से अपेक्षित कार्यवाही करें। ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित कर अथवा बेहतर कार्य योजना बनाकर एक बगिया मां के नाम के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों का चयन और चिन्हांकन करें। ई केवाईसी कार्य में प्रगति लाने हेतु ग्राम पंचायत वार समीक्षा करें तथा जहां अधिक काम बाकी है स्वयं एफर्ट करें।

सुश्री कौर ने मनरेगा के परियोजना अधिकारी ऋषिराज चढ़ार, आजीविका मिशन की जिला प्रबंधक शबाना बेगम को प्रतिदिन सतत निगरानी करने और न्यूनतम प्रगति वाली जनपद पंचायतों की जानकारी देने के संबंध में निर्देशित किया। जिला पंचायत की सीईओ ने योजनाओं एवं कार्यों में लापरवाही बरतने वाली ग्राम पंचायतों के विरुद्ध कार्यवाही प्रस्तावित किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

खबर संक्षेप

## परिवार कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत नसबंदी शिविर हेतु कैम्प कलेण्डर जारी

**दमोह।** परिवार कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत नसबंदी शिविर हेतु वर्ष 2025-26 के लिए निश्चित सेवा दिवसों पर नसबंदी शिविरों के आयोजन हेतु कैम्प कलेण्डर जारी किये गये। जारी निर्देशों के अंतर्गत प्रत्येक विकासखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रति सप्ताह दो दिवस निश्चित सेवा दिवस के रूप में रखे गये हैं। प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक एलटीटी ऑपरेशन किये जायेंगे। प्रत्येक शिविर में 30 केस ही लिये जायेंगे। शिविरों में एलटीटी सर्जन तेन्दूखेड़ा डॉ. गुलाब तिवारी द्वारा निश्चित सेवा दिवस पर निश्चित किये गये विकासखंड में पहुँचकर चिन्हित हितग्राहियों के एलटीटी ऑपरेशन किये जायेंगे। प्रत्येक नसबंदी शिविर के प्रभारी संबंधित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सीबीएमओ होंगे। उक्त शिविर प्रत्येक सोमवार/ गुरूवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बटियागढ़/ जबेरा, प्रत्येक मंगलवार/ शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हिण्डोरिया/ पटेरा/ हटा, प्रत्येक बुधवार /शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पथरिया /जिला चिकित्सालय दमोह/ तेन्दूखेड़ा में आयोजित होगें।

## भारतीय डाक विभाग द्वारा पेंशनरों हेतु घर-घर जीवन प्रमाण पत्र सुविधा प्रारंभ

**दमोह।** भारतीय डाक विभाग द्वारा पेंशनधारकों की सुविधा के लिए एक नई पहल की गई है। अब पेंशनधारकों को अपने जीवन प्रमाण पत्र (Jeevan Pramaan Patra) बनवाने के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं होगी। डाक विभाग द्वारा "Door Step Service" के माध्यम से यह सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिसके अंतर्गत डाकिया (Postman) आपके घर पर ही जाकर जीवन प्रमाण पत्र तैयार करेगा। इस सेवा हेतु मात्र 70 का नाममात्र शुल्क निर्धारित किया गया है। इस व्यवस्था से वरिष्ठ नागरिकों को अत्यंत सुविधा प्राप्त होगी, क्योंकि वे अपने घर के आरामदायक वातावरण में ही जीवन प्रमाण पत्र बनवा सकेंगे। बनने के उपरांत यह डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र (Digital Life Certificate) स्वचालित रूप से संबंधित पेंशन प्रदाता संस्थान तक ऑनलाइन माध्यम से पहुँच जाता है, अतः अलग से जमा करने की आवश्यकता नहीं होती। इस योजना के सफल संचालन हेतु प्रबंधक, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक लक्ष्मीनारायण पाल, दमोह शाखा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। सेवा संबंधी जानकारी या सहायता हेतु मोबाइल नम्बर पर संपर्क करें।

### दमयंती नगर कॉलोनी के पास भीषण हादसा, घायल सड़क पर तड़पते रहे

# ऑटो को टक्कर मारकर भागी बेलगाम कार, महिला की मौत, कई घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह





धड़ल्ले से ओवरलोड ऑटो रिक्शा एवं मालवाहक सवारियां भरकर फ़र्राटे भरते रहते हैं। बाईपास क्षेत्र में लगातार चालानी कार्रवाई करने वाली यातायात पुलिस का ध्यान भी उनकी तरफ नहीं जाने से आए दिन होने वाले हादसों में गरीब ग्रामीण लोगों की जान जाती रहती है तथा घायल इलाज के लिए तड़पते रहते हैं। ऐसे ही कुछ हालातो के बीच बुधवार दोपहर देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत दमोह–कटनी बाईपास पर दमयंती नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के समीप हुए एक भीषण सड़क हादसे के बाद सड़क पर देर तक दर्दनाक हालत बने रहे। हादसे की शिकार महिलाएं सड़क पर लहूलुहान हालत में तड़पती पड़ी रही वहीं कुछ राहगीर फोटो वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करते रहे। बाद में 112 डायल और 108 एंबुलेंस पहुंची तथा घायलों को जिला अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज शुरू किया गया लेकिन तब तक देर हो चुकी थी एक बुजुर्ग महिला की सांसे थम चुकी थी। इस भीषण सड़क हादसे के संदर्भ में प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर राजा पटना गांव निवासी करीब दर्जन पर लोग जिनमें महिलाओं की संख्या अधिक थी ऑटो रिक्शा से आनू गांव गमी में शामिल होने गए थे।लौटते समय कटनी बाईपास पर एक तेज रफ्तार कार इनके ऑटो रिक्शा को टक्कर मारते हुए आगे बढ़ गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो सड़क से उछलकर दूर जा गिरा तथा इसमें सवार महिलाएं सड़क पर बिछती हुई चली गई। चीख पुकार के साथ बेहद दर्दनाक मंजर की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होते देर नहीं लगी। इसके बाद मौके पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया। जहां अपरा तफरी भरे माहौल में घायलों का इलाज शुरू हुआ। इस दौरान बतीबाई पति महाराज सिंह, निवासी राजा पटना उम्र करीब 60 वर्ष की जान नहीं बचाई जा सकी। जबकि तीन महिलाओं की हालत गंभीर होने पर उन्हें जबलपुर रेफर कर दिया गया है। ऑटो चालक सहित आधा दर्जन से अधिक घायलों का जिला अस्पताल में इलाज जारी है। इधर हादसे के बाद टक्कर मार कर भाग रही कार को पुलिस ने पकड़ कर जब्त कर लिया है। कुल मिलाकर इस सड़क हादसे में एक बार फिर परिवहन विभाग के जांच चेकिंग अभियान की पोल खोलकर रख दी है। तथा हादसे के लिए लोग आरटीओ से लेकर यहां पर दिन-रात चेकिंग चालान करने वाले ट्रैफिक पुलिस को भी जिम्मेदार ठहरने से नहीं चूक रहे हैं।

# वाहन के साथ 38 पेटी अवैध शराब पकड़ी

### आरोपी को न्यायालय में पेशकर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तारादेही



मंगलवार की शाम मुखबिर की सूचना पर भगवती मानव कल्याण संगठन के सदस्यों ने पुलिस टीम के साथ घेराबंदी करके एक पिकअप वाहन को पकड़ा है और पुलिस के हवाले किया है जिसमें 38 पेटी अवैध रूप से शराब जबलपुर जिले के बेलखाडू से तारादेही लाया जा रही थी जहां तारादेही पुलिस ने 38 पेटी देशी लाल एवं प्लेन की अवेध शराब के साथ साथ पिकप वाहन पकड़े जाने की कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया है जिसे बुधवार को दमोह न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार तारादेही पुलिस को भगवती मानव कल्याण संगठन के सदस्यों व मुखविर से सूचना मिली थी कि अवेध शराब तारादेही लाई जा रही है। वरिष्ट अधिकारियों को सूचना देकर थाना प्रभारी तारादेही उप निरी. आलोक तिरपुडे के नेतृत्व मे टीम बनाकर व संगठन के सदस्यों के साथ आरोपी आकाश झारिया पिता सर्वेश झारिया उम्र 26 साल निवासी ग्राम कुकरभुका थाना पाटन जिला जबलपुर के कब्जे से 38 पेटी ताल मशाला शराब एवं देशी प्लेन शराब एवं एक पिकअप वाहन क्रमाक एमपी 20 जीए 9452 जो कुल मशरुका कीमती करीबन पाँच लाख अस्सी हजार एक सौ चालीस रुपये की जप्त कर आरोपी के विरुद्ध थाना तारादेही में अपराध क्रमाक 115/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट 130(3)177 एमव्हीएक्ट का पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय दमोह मे पेश किया गया है। कार्यवाही के दौरान रमेश सिंह मुडरया, प्रधान आरक्षक मुकुल रावत, तुलसीराम ठाकुर, आरक्षक राममनोहर यादव, राजेन्द्र, पंकज प्यासी, भगत सिंह, देवकरन, एनआरएस मोनू विश्वकर्मा की अहम भूमिका रही।

## भगवान का अवतार धर्म की पुनर्स्थापना के लिए होता है



**दमोह।** काली श्री सिद्ध बाबा महाराज हटा के दरबार में सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा में चतुर्थ दिवस की कथा में अंतरराष्ट्रीय मंच कथा व्यास श्रीमद्जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी अनंताचार्य अमृत जी महराज ने बताया कि भगवान का अवतार धर्म की पुनर्स्थापना के लिए होता है और केवल एक युग में नहीं बल्कि जब जब धर्म की हानि होती है तब तब भगवान का अवतार होता हे। कंस के राज्य में पाप चरम सीमा पर पहुंच गया, यज्ञ बंद हो गए, स्त्रियों की ब्राह्मणों की साधु संत की कोई इज्जत नहीं बची। अत्याचार बढ़ने लगा। तब पृथ्वी ने गौ माता का रूप बनाया और देवसभा में पहुंची जहाँ ये बात पक्की हुई कि भगवान के अलावा ओर कोई रक्षा करने वाला नहीं हे तो भगवान ने आकाशवाणी के माध्यम से बोला कि चिंता मत करो मेरा अवतार होगा। उसके बाद माता देवकी के गर्भ से आठवीं संतान के रूप में भगवान का अवतार हुआ। बासुदेव जी महराज भगवान को गोकुल ले गए जहां माता यशोदा के गर्भ से योगमाया का जन्म हुआ था जिसे बाबा मथुरा ले आए जो कंस को ज्ञान देकर विंध्याचल पर्वत पर जाकर माता बिंध्यवासनी के नाम से पूजित हुई।

## टाइगर रिजर्व की टीम ने पकड़ा 6 फीट लंबा अजगर



**तेंदूखेड़ा/तारादेही।** बुधवार को ब्लॉक के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बोरिया के आश्रित ग्राम सनाई में किसान रवि पटेल के खेत में शाम करीब 5 बजे के आसपास वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व की सर्रा वन अमले की टीम को सूचना मिली थी कि सनाई ग्राम में एक खेत में 5 से 6 फीट लंबा अजगर सांप खेत में बैठा हुआ है जिसके बाद सूचना मिलते ही सर्रा वन अमले से वनरक्षक रघुवीर पटेल सुरक्षा सुमिक कैलाश पटेल सहित अन्य लोग मौके पर पहुंचे और अजगर सांप को पकड़ने के लिए रेस्क्यू करना पड़ा जहां आधा घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद अजगर सांप को पकड़कर सर्रा रेंज की तिदंनी के जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया गया रवि पटेल ने बताया गया सुबह ही खेत में हार्वेस्टर से कटाई की गई है जहां खेत में एकत्रित धान रखी हुई थी जिसको उठाया जा रहा था उसी समय अजगर सांप पर नजर पहुंची जिसके बाद खेत में मौजूद अन्य किसान और परिजनों में हड़कंप मच गया जिसकी सूचना सर्रा वन विभाग की टीम को दी गई जहां अजगर को सुरक्षित पकड़कर जंगल में छोड़ा गया।

## दमोह को योग, आयुर्वेद, स्वदेशी उत्पाद, एवं भारतीय शिक्षा से सम्पन्न बनाएंगे : भगत सिंह



**पथरिया।** पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, युवा भारत एवं पतंजलि किसान सेवा समिति की संयुक्त जिला स्तरीय बैठक लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर पथरिया में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता डॉ. कैलाश नाथ शर्मा ने की एवं मुख्य अतिथि के रूप में भगत सिंह योगाचार्य (राज्य प्रभारी पतंजलि योग समिति, मध्य प्रदेश पूर्व) उपस्थित रहे। बैठक का शुभारंभ जिला प्रभारी कृष्ण कुमार पुरोहा के नेतृत्व में वेदमंत्रोच्चारण से हुआ। मुख्य अतिथि भगत सिंह योगाचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि विश्व योग ऋषि परम पूज्य स्वामी रामदेव जी महाराज एवं आयुर्वेद शिरोमणि पूज्य आचार्य बालकृष्ण जी महाराज के पावन संकल्प— "स्वस्थ, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत" को साकार करने के लिए पतंजलि परिवार जन-जन तक योग, आयुर्वेद और स्वदेशी जीवनशैली का अभियान चला रहा है। उन्होंने कहा कि दमोह जिले में 250 नए योग शिक्षक तैयार किए जाएंगे, जो सातों तहसीलों में सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से दीक्षित होकर अपने-अपने वार्ड और ग्रामों में निःशुल्क योग कक्षाओं का संचालन करेंगे। योगाचार्य भगत सिंह ने कहा — "हमारा लक्ष्य है कि दमोह योग, आयुर्वेद, जैविक आहार, स्वदेशी उत्पाद, परंपरागत चिकित्सा और भारतीय शिक्षा से सम्पन्न जिला बने। उन्होंने जैविक उत्पाद, वनोपज, औषधि एवं जड़ी-बूटियों के नियमित उपयोग से सामान्य रोगों की रोकथाम के लाभों की भी जानकारी दी। लक्ष्मण विश्वकर्मा, महामंत्री ने वैदिक शिक्षा बोर्ड से संबंधित योजनाओं एवं नई पहल की जानकारी दी। जिला प्रभारी कृष्ण कुमार पुरोहा ने बताया कि दमोह नगर में 70, पथरिया में 50, बतायागढ़ में 25, जबेरा में 25, तेंदूखेड़ा में 25, पटेरा में 50 तथा हटा तहसील में 30 सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। दीपक सिंह राजपूत योग आयोग ने कहा कि दमोह जिले में स्कूल में योग की गतिविधियों को संचालित करने हेतु सक्रियता लायी जाएगी। परम पूज्य मुख्य केंद्रीय प्रभारी डॉ परमार्थ देव जी महराज का विशाल योग शिविर लगाया जाएगा। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. कैलाश नाथ शर्मा ने कहा कि पतंजलि योग समिति की गतिविधियों को जिला मुख्यालय स्तर पर सशक्त करने हेतु मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने मैदान एवं भवन की व्यवस्था हेतु पहल की है, जो पतंजलि परिवार को सौगात है। शासन शीघ्र ही पतंजलि योग समिति दमोह को एक सुव्यवस्थित भवन उपलब्ध कराया रहा है। कार्यक्रम का संचालन गंगाराम पटेल, सह जिला प्रभारी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन सुरेश रैकवार ने प्रस्तुत किया। बैठक में प्रमुख रूप से जे.पी. विश्वकर्मा (कोषाध्यक्ष), अभिलाष गौतम (राज्य कार्य समिति सदस्य), दीपक सिंह राजपूत, लखन जी (सह राज्य प्रभारी, युवा भारत), बालकृष्ण अहिरवार, रामसागर तिवारी, संतोष कुमार पांडे, दिनेश चौरसिया (हटा), देवेंद्र सिंह ठाकुर (दमोह), बलराम दुबे (हटा), रामकिशोर दुबे (हटा), सुरेश कुमार सोनी (हटा), जवाहरलाल पटेल, छीदामी प्रसाद राठौर, डॉ. दिनेश नामदेव, संदीप जैन, जगदीश माखनलाल नेमा सहित अनेक योग शिक्षक भाई-बहिनों ने सहभागिता की।

## रनेह पुलिस ने 4 वर्षों से फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

**रनेह ।** रनेह पुलिस द्वारा स्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए किए जा रहे प्रयासों में रनेह पुलिस को मिली सफलता। पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन मे एवं श्रीमान अति. पुलिस अधीक्षक व एसडीओपी हटा के मार्गदर्शन में जिले मे स्थाई वारंटियों की धरपकड़ हेतु निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में थाना रनेह के अपराध के प्रकरण क्र. 178/21 धारा 25 (बी) आर्म्स एक्ट में 04 वर्षों से फरार स्थाई वारंटी माखन सीग लोधी पिता बीर सीग लोधी उम्र 40 साल नि. बिजवार थाना रनेह को थाना रनेह की पुलिस टीम द्वारा अथक परिश्रम से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।उपरोक्त वारंटी को गिरफ्तार करने मे थाना प्रभारी उनि. चंदन सिंह निरंजन, सउनि. मुफीस अहमद खान, प्रआर. 72 शिवराज सिंह, आर. 33 श्रीराम प्रजापति, आर. 698 खूबसिंह कुर्मी, आर. 724 ब्रजेश की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### पुल बंद होने के कारण वाहन नहीं मिलने से पुल पर ही हो गई वृद्ध महिला मरीज की मौत

# तीन माह से लगातार बंद पडा गैसाबाद पुल, मूकदर्शक बना शासन प्रशासन

**गैसाबाद।** एक ओर जहां सरकार आमजन की सुविधा हेतु यातायात व्यवस्था एवं सड़क निर्माण पर करोड़ों रुपए का बजट खर्च कर रही है। वहीं दूसरी ओर ग्राम गैसाबाद का पुल पिछले तीन माह से लगातार बंद पड़ा हुआ है जिसे दुरस्त करा के चालू कराए जाने की जरूरत ना तो शासन प्रशासन समझ रहा है और ना ही क्षेत्र के चुने हुए जनप्रतिनिधि इस समस्या पर ध्यान दे रहे हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार दमोह पन्ना जिला की सीमा रेखा के मध्य में स्थित व्यारमा नदी पर बने पुल को 29 जुलाई 2025 को शासन द्वारा पुल क्षतिग्रस्त होने का तर्क देकर शाम 6 बजकर 15 मिनट पर आनन फानन में बंद कर दिया गया था,तब से लेकर आज तक 3 माह से गैसाबाद पुल लगातार बंद है जिससे क्षेत्र वासियों को भारी असुविधा हो रही है। पुल पर से आवागमन बंद होने से जहां लोगों को आने जाने में परेशानी हो रही है। वहीं दूसरी ओर क्षेत्र वासियों को अपने बीमार पड़े मरीजो का इलाज कराने हेतु दूसरे शहर को ले जाने में समय और पैसा दोनों चीजों की बर्बादी हो रही है। समय पर वाहन उपलब्ध न होने से एवं कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं बनने से कुछ मरीजों को तो अपनी जान से भी हाथ धोना पड़ रहा हैं। ऐसा ही एक वाक्य 28 अक्टूबर मंगलवार की दरमियानी रात्रि में प्रकाश में आया है। ग्राम के रणधीर दहिया, जितेंद्र चौरसिया, मुकेश पटेल आदि ने हरिभूमि को बताया कि 28 अक्टूबर की रात्रि को गैसाबाद पुल पर ग्राम भुपतपुरा( सिमरिया) जिला पन्ना निवासी रामचरण चौधरी मारू लाल चौधरी अपनी बीमार मरीज साहना बाई चौधरी उम्र 65 वर्ष को इलाज के लिए दमोह ले जाने को जैसे तैसे करके ऑटो से पुल के उस पार तक तो आ गए लेकिन पुल बंद होने के कारण आवागवन अवरुद्ध होने से एवं कोई अन्य वैकल्पिक व्यवस्था नहीं बनने के कारण वह अपने मरीज को समय से दमोह इलाज के लिए नहीं ले जा पाए जिससे उसके मरीज ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। पुल बंद होने से जान माल की यह पहली हानि नहीं है इससे पूर्व भी बहुत मरीजों को इसका खमीआजा भुगतना पड़ा है। गौरतलब है कि स्थानीय विधायक उमादेवी खटीक द्वारा पुल चालू कराए जाने के संबंध में विगत माह जिला कलेक्टर महोदय से दूरसंचार के माध्यम से बात की गई थी लेकिन उसके बावजूद भी कोई समाधान नहीं होना चिंता का विषय है। हटा जनपद अध्यक्ष गंगाराम पटेल एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य रणधीर दहिया ने भी पिछले महीने पुल चालू कराए जाने बाबत कलेक्टर महोदय को एक ज्ञापन सोपा था जिसके जवाब में कलेक्टर महोदय ने आश्वासन दिया था कि शीघ्र ही टीम भेज कर क्षतिग्रस्त पुल की जांच कराई जाएगी लेकिन अफसोस की आज तक कोई जांच नहीं हुई। यदि क्षतिग्रस्त पुल की जांच होनी थी तो प्रशासन को इसे गंभीरता से लेते हुए तुरंत संज्ञान में लेना चाहिए था लेकिन ऐसा नहीं हुआ। ज्ञात हो कि प्रशासन द्वारा पुराने पुल के बगल से एक नए पुल का निर्माण कराया गया है। पुल बनकर तैयार है सिर्फ पुल की दोनों तरफ की साइडे बनाए जाना बाकी है। यदि शासन प्रशासन इसे गंभीरता से लेता तो 3 माह के लंबे समय में पुल के दोनों तरफ की साईड बनाई जा सकती थी लेकिन ऐसा भी नहीं हो पाया। क्षेत्रवासियों ने शासन और प्रशासन से एवं क्षेत्र के चुने हुए जनप्रतिनिधियों से लगातार 90 दिनों से बंद पड़े पुल का सुधार कार्य करके शीघ्र ही सुचारू रूप से आवागमन प्रारंभ कराए जाने की मांग की है।



# प्रदेश में नाम रोशन करने वाली सीएम राईज की पूर्व छात्राओं का विद्यालय परिवार ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा



पटेरा नगर का नाम पूरे प्रदेश में रोशन करने वाली तीन छात्राओं का सीएम राईज संदीपनि विद्यालय पटेरा में सम्मान किया गया। सीएम राईज विद्यालय में पढने वाली तीन छात्राओं ने कीर्तिमान स्थापित कर विद्यालय के साथ साथ पटेरा नगर का नाम रोशन कर दिया। इन तीन बालिकाओं में सबसे पहला नाम नम्रता जैन का रहा जो एमपीपीएससी परीक्षा 2024 में डिप्टी कलेक्टर पद पर चयनित हुई। पूर्व में भी उन्होने एम पी पीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर जिला पेंशन अधिकारी व सहायक संचालक शिक्षा के पद पर चयनित हुई थी। नम्रता ने पटेरा का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है। वहीं रिचा ताम्रकार वर्ग 1 शिक्षक पद पर चयनित हुई एवं निधि कुर्मी पटवारी पद पर चयनित हुई जिसको लेकर विद्यालय परिवार द्वारा आज उनका सम्मान कार्यक्रम रखा गया। सभी शिक्षकों ने नम्रता, रिचा व निधि को सम्मान चिन्ह प्रदान किया। नम्रता, रिचा व निधि ने अपने गुरूजनों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य विवेक नेमा , शिक्षक कमलेश शर्मा, रामेश्वर चौरासिया, भरत दुबे, दीपेश सोनी , बीड़ी नामदेव, रामगोपाल दहयात, नरेंद्र शर्मा, सुबोध, निखलेश अहिरवार,व अन्य शिक्षकों की उपस्थिति रही।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल, जबलपुर रेफर

**तेंदूखेड़ा।** बुधवार की शाम साढ़े 7 बजे थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर मुख्यालय से एक किमी दूर जबलपुर मार्ग पर स्थित माहुला के पुल पर दो बाइक सवारों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी है जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए हैं जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है जहां से एक युवक को गंभीर हालत के चलते जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार नारायण पिता रत्तू सिंह लोधी उम्र 30 वर्ष निवासी कोटखेड़ा थाना तारादेही दीपक पिता चन्नू सिंह लोधी उम्र 26 वर्ष निवासी कोटखेड़ा थाना तारादेही है जो कि जबलपुर से वापस अपने घर कोटखेड़ा ग्राम जा रहे थे लेकिन तेन्दूखेड़ा के पास जबलपुर मार्ग पर माहुला पुल पर एक अज्ञात ट्रैक्टर चालक ने टक्कर मार दी और मौके से भाग निकला है घटना के संबंध में दीपक ठाकुर ने बताया कि वह अपने दोस्त के साथ जबलपुर से कोटखेड़ा जा रहा था लेकिन रास्ते में हादसा हो गया मुझे तो कोई चोटे नहीं आई है लेकिन नारायण को गंभीर चोटे आई है घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 मौके पर पहुंची तेन्दूखेड़ा पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही।